कार्यालय प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, कौशाम्बी, उत्तर प्रदेश
ई–मेल:asmckaushambi22@gmail.com वेबसाइट:www.asmckaushambi.in

पत्रांकः-ए0एस0एम0सी / कौशाम्बी / 2023 / 1259 दिनॉकः 23.01.2024

## —:विज्ञप्तिः—

**स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, कौशाम्बी के विभिन्न विभागो मे संविदा के आधार पर आचार्य, सह आचार्य एवं सहायक आचार्य के रिक्त पदो को भरे जाने हेतु विज्ञप्ति।**

एन0एम0सी0 / एम0सी0आई0 मानकों की पूर्ति हेतु स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, कौशाम्बी के रिक्त पदो पर संविदा (Contractual) के आधार पर भरे जाने हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। इन पदो पर चयन, चयन समिति के द्वारा वॉक इन इन्टरव्यू के माध्यम से किया जायेगा।

उक्त साक्षात्कार विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से प्रत्येक दिवस (अवकाश दिवस छोड़कर) को संयुक्त जिला चिकित्सालय के सभागार में पूर्वान्ह 11.00 बजे से आयोजित किया जायेगा। इच्छुक अभ्यार्थियो से यह अपेक्षा की जाती है कि साक्षात्कार हेतु अपने समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, शोध प्रमाण पत्र एवं आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर पाप्त आरक्षण प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रतियो के एक सेट एवं उपरोक्त लिखित मूल प्रमाण पत्रो सहित उपस्थित हों।

आचार्य, सह आचार्य एवं सहायक आचार्य के रिक्त पदों का विवरण निम्नवत है।

| क्र. सं. | विशिष्टता | आचार्य | | सह आचार्य | | सहायक आचार्य | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पदो की संख्या | श्रेणी | पदो की संख्या | श्रेणी | पदो की संख्या | श्रेणी |
| 1 | आर्थोपेडिक्स | -- | -- | 01 | SC | -- | -- |
| 3 | आब्सट्रेटिक्स एण्ड गायनकोलॉजी | 01 | SC | 01 | UR | 01 | OBC |
| 4 | इमिनोहिमैटोलोजी एण्ड ब्लड ट्रांसफयूजन (ब्लड बैंक) | -- | -- | -- | -- | 01 | UR |
| 5 | इमरजेन्सी मेडिसिन | 01 | UR | 01 | OBC | 01 | SC |
| 6 | एनाटमी | 01 | 0BC | -- | -- | 01 | UR |
| | | | | | | 01 | OBC |
| 7 | एनेस्थीसियोलॉजी | 01 | UR | 01 | SC | 01 | UR |
| | | | | | | 01 | OBC |
| 8 | जनरल मेडिसिन | 01 | SC | 01 | UR | 02 | UR |
| | | | | 01 | OBC | 01 | OBC |
| 9 | जनरल सर्जरी | 01 | UR | 01 | UR | 01 | OBC |
| | | | | 01 | OBC | | |
| 10 | ट्यूबरकुलोसिस एण्ड रेस्पिरेटरी मेडिसिन / पल्मोनरी मेडिसन | -- | -- | 01 | EWS | -- | -- |
| 11 | डर्मेटोलॉजी वेनेरोलॉजी एण्ड लेप्रोसी | -- | -- | 01 | SC | -- | -- |
| 12 | पीडियाट्रिक्स | -- | -- | 01 | OBC | -- | -- |
| 13 | पैथोलॉजी | -- | -- | -- | -- | 01 | OBC |
| 14 | फार्माकोलॉजी | -- | -- | 01 | SC | -- | -- |
| 15 | फिजियोलॉजी | -- | -- | 01 | UR | -- | -- |
| 16 | फोरेन्सिक मेडिसिन | -- | -- | -- | -- | 01 | UR |
| 17 | बायोकेमिस्ट्री | 01 | UR | 01 | OBC | 01 | OBC |
| 19 | रेडियो–डायग्नोसिस | -- | -- | 01 | OBC | | |
| 20 | साइकियाट्री | -- | -- | 01 | EWS | -- | -- |
| | **योग :–** | **07** | | **16** | | **14** | |

## संविदा पर नियुक्ति की शर्तें निम्नवत है:—

संविदा पर तैनात होने वाले अभ्यर्थी की संविदा अवधि 06 माह अथवा नियमित नियुक्ति होने, जो भी पहले घटित हो, तक ही मान्य होगी। नियमित चिकित्सा शिक्षक उपलब्ध न होने पर आवश्यकतानुसार इनकी संतोषजनक सेवा के आधार पर कार्यकाल को पुनः बढ़ाया जा सकता है। नियत वेतन के अतिरिक्त संविदा पर कार्यरत चिकित्सा शिक्षकों को अन्य किसी को भी अन्य किसी प्रकार के वेतन/भत्ते एवं सेवागत लाभ अनुमन्य नहीं होंगे।

1. शासनादेश संख्या 104/2019/5044/71—1—18—जी—63/2018, दिनांक 21.11.2019 के अनुसार संविदा पर नियुक्त चिकित्सा शिक्षक को नियत वेतन देय होगा। इस सम्बन्ध में निर्धारित शर्तें शासन द्वारा समय—समय पर पूर्व में निर्गत भिन्न—भिन्न शासनादेशानुसार होगी ।
2. इस हेतु आवेदक को **Medical Council of India / National Medical Commission] Minimum Qualification for Medical Teachers in Medical Institutions Regulations] 1998** द्वारा निर्धारित समय—समय पर जारी संशोधन/नोटिफिकेशन के अनुसार अर्हतायें एवं अनुभव पूर्ण करना आवश्यक है।
3. साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु कोई यात्रा भत्ता आदि देय नहीं होगा ।
4. आरक्षण सम्बन्धी 100 बिन्दुओं का रोस्टर/शासनादेश संख्या — 50/2019/4/1/2002का—2 /2019 टी०सी०—1, दिनांक 13.08.2019 का अनुपालन मान्य होगा। यदि किसी विशिष्टता में कैटगरी का अर्ह अभ्यर्थी प्राप्त नहीं होता है, तो उक्त पद का अन्य कैटेगरी के उपलब्ध अर्ह अभ्यर्थी के द्वारा नियमानुसार भरा जायेगा ।
5. शासनादेश संख्या—562/71—1—2020—जी—63/2008 दिनांक 10 जून, 2020 द्वारा संविदा पर नियुक्त चिकित्सा शिक्षकों की अधिकतम आयु नियुक्ति वर्ष के जुलाई माह के प्रथम दिवस को सहायक आचार्य — 60 वर्ष, सह आचार्य —64 वर्ष, आचार्य —68 वर्ष होगी।
6. संविदा पर नियुक्त चिकित्सा शिक्षक संविदा कालवधि के लिए किसी प्रकार की पेंशन सम्बन्धी सुविधाओं का हकदार नहीं होगा। उसे ऐसे कालावधि के लिए कोई बोनस देय नहीं होगा ।
7. संविदा चिकित्सा शिक्षक शासकीय सेवा में विनियमतीकरण के लिए हकदार नहीं होंगे।
8. अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के समय इस आशय का घोषणा पत्र प्राप्त किया जायेगा कि उनके विरूद्ध माननीय न्यायालय में कोई आपराधिक वाद प्रचलित नहीं है। यदि उनके विरूद्ध प्रतिकूल तथ्य पाया जाता है तो उनकी सेवायें समाप्त कर दी जायेगी।
9. पदों की संख्या घट या बढ़ सकती है ।
10. नियमित चिकित्सा शिक्षकों के नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या — ए०एस०एम०सी/कौशाम्बी/2023/10 दिनांक 05.04.2023 के क्रम में आयोजित साक्षात्कार के द्वारा चयनित चिकित्सा शिक्षकों के निर्धारित समय में योगदान आख्या नही प्रस्तुत करने की स्थिति में निर्धारित पदों पर संविदा चिकित्सा शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी ।

**नोट :— विज्ञापित प्रकाशित होने की तिथि से रिक्त पद भरे जाने तक प्रत्येक दिवस को पूर्वान्ह 11:00 बजे (अवकाश दिवस छोड़कर) साक्षात्कार संयुक्त जिला चिकित्सालय कौशाम्बी के समागार में आयोजित किया जायेगा।**

नोडल प्रधानाचार्य
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय,
कौशाम्बी

**पृष्ठांकन :ए०एस०एम०सी०/कौशाम्बी/2023/** **तद्दिनॉक:**

प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा उ0प्र0 शासन लखनऊ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन, छठवाँ तल, उ०प्र० लखनऊ ।
3. आयुक्त, प्रयागराज मण्डल प्रयागराज।
4. मेन्टर प्राधानाचार्य मोती लाल नेहरू राजकीय मेडिकल कालेज प्रयागराज।
5. जिलाधिकारी, कौशाम्बी।
6. वित्त नियंत्रक, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, कौशाम्बी।
7. सूचना पट्ट स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, कौशाम्बी।
8. गार्ड फाईल ।

नोडल प्रधानाचार्य
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय,
कौशाम्बी